निजी कुएं को बताया कपिलधारा कूप, किसान से खर्च करवाकर पोर्टल पर चढ़ाया संदिग्ध बिल

▸ सीईओ, मनरेगा एई और इंजीनियर की भूमिका संदिग्ध

सेंधवा, (नवभारत)। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सेंधवा जनपद की ग्राम पंचायत भामनिया में योजनाओं के संचालन पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि जिम्मेदारों ने गांव में मौजूद सरकारी कपिलधारा कूपों को छोड़कर किसान बंगाराम वेचान के निजी कुएं को ही पोर्टल पर कपिलधारा कूप दर्शा दिया। वहीं किसान से राशि खर्च करवाकर पोर्टल पर संदिग्ध बिल लगा दिया।

मामले में मनरेगा जनपद सीईओ अंजली बड़ोले, एई शैलेंद्र सोलंकी और इंजीनियर की मॉनिटरिंग पर बड़ा सवाल उठ रहा है। किसान का कहना है कि उसने यह कुआं अपनी निजी राशि से खुदवाकर पक्का बनवाया था। इसके बावजूद उसी निजी कुएं पर रिचार्ज पीट निर्माण दर्शाकर सरकारी कार्य दिखाया गया। अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर सरकारी योजनाओं के लिए निजी निर्माण को आधार क्यों बनाया गया और क्या बिना वास्तविक स्वीकृति के पोर्टल पर कार्य दर्ज किया गया।

किसान से खर्च कराए हजारों रुपये

किसान बंगाराम वेचान के मुताबिक रोजगार सहायक के कहने पर उसने पिछले साल जेसीबी से गड्ढा खुदवाया था, जिसमें 3 से 5 हजार रुपये तक खर्च हुए। इसके बाद इस वर्ष उसे रिचार्ज कूप पीट की दीवार बनाने के लिए कहा गया। किसान ने बताया कि उसने स्वयं सीमेंट, ईंट, रेत और अन्य सामग्री खरीदकर निर्माण कराया। इतना ही नहीं, कुएं और रिचार्ज पीट पर रंगाई-पुताई भी अपने खर्च से करवाई, लेकिन आज तक उसे एक रुपये का भुगतान नहीं मिला। अब बड़ा सवाल यह है कि यदि पूरा निर्माण किसान ने अपने खर्च से कराया, तो फिर सरकारी खर्च किस मद में दिखाया गया। क्या योजनाओं में हितग्राहियों से काम करवाकर बाद में कागजों में भुगतान दर्शाया जा रहा है।

बिना सामग्री रसीद के पोर्टल पर दर्ज हुआ संदिग्ध बिल

मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि किसान ने किसी प्रकार का सामग्री बिल या रसीद किसी को नहीं दी, इसके बावजूद पोर्टल पर किसान के नाम से 8789 रुपये का बिल दर्ज कर दिया गया। बिल में 9 टन डीजल ट्रक हायर चार्ज का भुगतान दिखाया गया है। अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर यह ट्रक किस काम में लगाया गया। यदि किसान स्वयं सामग्री खरीदकर निर्माण करा रहा था तो ट्रक किराये का भुगतान किस आधार पर हुआ। क्या बिना वास्तविक परिवहन व बिना सामग्री आपूर्ति के ही पोर्टल पर खर्च चढ़ा दिया। यह मामला जल गंगा संवर्धन अभियान में संभावित अनियमितता व कागजी भुगतान की आशंकाओं को और मजबूत कर रहा है।

पोर्टल पर पूर्ण कार्य, फिर भी 48 .7 प्रतिशत प्रगति दर्ज

पोर्टल पर दर्ज जानकारी के अनुसार कार्य वर्ष 2025-26 में दर्ज है। रिकॉर्ड में कार्य को यानी पूर्ण बताया गया है। पोर्टल के अनुसार इस कार्य में 15 हजार 910 रुपये मजदूरी मद और 9 हजार 990 रुपये सामग्री मद स्वीकृत की गई, जबकि अब तक 3 हजार 822 रुपये मजदूरी और 8 हजार 789 रुपये सामग्री राशि बुक दर्शाई गई है। वहीं रिकॉर्ड में कार्य की 48.7 प्रतिशत प्रगति भी दिखाई गई है। ऐसे में सवाल यह भी उठ रहा है कि जब कार्य पूर्ण बताया जा रहा है तो फिर प्रगति 48.7 प्रतिशत कैसे दर्ज है। वहीं किसान स्वयं निर्माण और सामग्री खर्च करने का दावा कर रहा है और भुगतान नहीं मिलने की बात कह रहा है, तो पोर्टल पर सामग्री राशि और ट्रक किराये का खर्च किस आधार पर दर्ज किया गया।

> **जिम्मेदारों ने नहीं उठाया फोन**
> मामले में मनरेगा एई शैलेंद्र सोलंकी और जनपद सीईओ अंजली बड़ोले से उनका पक्ष जानने के लिए कॉल किया गया, लेकिन दोनों ने कॉल रिसीव नहीं किया। वहीं रोजगार सहायक सीताराम जाधव ने कुएं के निजी होने की बात स्वीकार की। हालांकि उनका कहना है कि संबंधित बिल अभी पास नहीं हुआ है।

एक नजर में

नारद जयंती कार्यक्रम और वार्षिक साधारण सभा

बड़वानी। प्रेस क्लब बड़वानी द्वारा महर्षि नारद जयंती के उपलक्ष्य में मीडिया संगोष्ठी एवं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन बावनगजा स्थित जैन तीर्थ परिसर में हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्वदेशी दृष्टि, वैश्विक स्वर : भारतीय मीडिया का नया युग विषय पर विचार व्यक्त करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृति, रीति-रिवाज एवं मूल्यों को विश्व में श्रेष्ठ बताते हुए भारतीय मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भूपेंद्र रावत प्राध्यापक शहीद भीमानायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कार्यक्रम अध्यक्ष विजय यादव अधिवक्ता, मनीष जैन, संजय बामनिया, रुपेश दवाने, लखन विश्वकर्मा एवं दीपक जैमन ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में प्रवीण सोनी, अशोक पंडित, रघुनाथ सेन, हेमंत शर्मा, हेमंत, रणछोड़ जाट सहित अनेक पत्रकार एवं नागरिक उपस्थित थे। प्रेस क्लब की वार्षिक साधारण सभा में वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन एवं वार्षिक वित्तीय प्रतिवेदन पारित किए गए। साथ ही 15 अगस्त एवं 26 जनवरी पर पत्रकारों को सम्मानित किए जाने के लिए कलेक्टर से चर्चा करने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। संचालन राजेश राठौड़ ने किया। स्वागत भाषण प्रेस क्लब सचिव विजय निकुम एवं आभार मो रफीक खान ने किया।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में बैठक

धार। सोमवार को धार में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में बैठक आयोजित की। बैठक को भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती, विधायक श्रीमती नीना वर्मा ने संबोधित किया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विशाल निगम व जयराज देवड़ा जिला उपाध्यक्ष कपिल निनामा जिला मंत्री आरती पटेल उपस्थित रहे। बैठक में कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, कार्य विभाजन एवं समन्वय को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के स्वागत मंच भाजपा नगर मंडल द्वारा 10 स्थानों पर लगाएंगे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

वैभव सोनी के उपन्यास कमवक्त का लोकार्पण

इंदौर. पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययन शाला देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में शनिवार शाम कमवक्त पुस्तक का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया. लेखिका सीमा व्यास मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि हरेराम वाजपेयी डॉ सोनाली नरगुंदे प्रदीप नवीन ने उपन्यास कमवक्त का लोकार्पण किया. लेखक वैभव सोनी ने अपने पहले उपन्यास पर सभी बड़े साहित्यकारों का आभार व्यक्त किया. समारोह का संचालन आनंदी सिंह ने किया.

पद्मावती वेंकटेश देवस्थान पर आम्राभिषेक आज

इंदौर. श्री पद्मावती वेंकटेश देवस्थानम्, विद्या पैलेस पर 24 मई को सुबह 9 बजे से श्री वेंकटेश बालाजी का आम्राभिषेक परम पूज्य युवराज यतींद्राचार्य जी महाराज के सान्निध्य मे होगा. स्वामी यतींद्रचार्य महाराज पद्मावती वेंकटेश देवस्थान के युवराज है. उपरोक्त जानकारी देते हुए मंदिर समिति के हरिकिशन साबू, मनोहर सोनी एवं नितिन तापड़िया ने बताया कि अधिक मास में भक्तों के पुण्य लाभ हेतु एवं यह अभिषेक प्रभु वेंकटेश बालाजी को गर्मी की तपन से राहत दिलाने के लिए किया जा रहा है. हापुस, बादाम केसर, लाल पट्टा, तोतापरी, अलीराजपुरी सहित अनेक प्रकार के आम के रस का उपयोग अभिषेक में किया जाएगा करीब 100 किलो आम इस अवसर पर उपयोग होंगे. शुद्ध जल से भी प्रभु को स्नान करवाया जाएगा जिसमें सप्त नदियों के जल का उपयोग किया जाएगा, साथ ही इसमें दूध दही केसर शहद का भी उपयोग किया जावेगा ।इस अवसर पर भजन सम्राट हरिकिशन साबू भोपू जी अपने भजनों की रसगंगा भी बहाएंगे. प्रभु के विशेष आम्राभिषेक दर्शन के साथ पू. युवराज स्वामी यतींद्रचार्य जी के पुरुषोत्तम मास की महत्ता पर आशीर्वचनों का लाभ भी भक्त उठा सकेंगे तत्पश्चात आरती एवं गोष्टी प्रसाद का वितरण भी होगा.

एयरटेल ने लॉन्च की प्रायोरिटी पोस्टपेड सेवा

इंदौर. भारती एयरटेल ने प्रायोरिटी पोस्टपेड सेवा लॉन्च करने की घोषणा की। यह नई सेवा 5जी स्लाइसिंग तकनीक का उपयोग करती है, जिससे पोस्टपेड ग्राहकों को स्थिर और बेहतर नेटवर्क का अनुभव मिलेगा. यह सेवा विशेष रूप से उन व्यस्त ग्राहकों के लिए तैयार की गई है, जो काम, मनोरंजन या ऑनलाइन सहयोग के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी पर निर्भर रहते हैं. इस सेवा के लिए एयरटेल ने अपने 5जी नेटवर्क को नेटवर्क स्लाइसिंग तकनीक की उन्नत क्षमताओं से सशक्त बनाया है.

अवैध पैथोलॉजी लैबों से मरीजों की सेहत पर खतरा

▸ स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

बड़वानी, (नवभारत)। जिले में अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी लैबों को लेकर स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है। आरोप है कि विभाग केवल ऑनलाईन आवेदन व औपचारिक प्रक्रियाओं तक सीमित रहकर कार्रवाई से बच रहा है, जबकि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक बिना अनुमति और बिना मान्यता के कई पैथोलॉजी लैब खुलेआम संचालित हो रही हैं। इन लैबों में मरीजों की जांच कर रिपोर्ट जारी की जा रही है, जिससे लोगों की सेहत के साथ गंभीर खिलवाड़ होने की आशंका बढ़ गई है।

सीएमएचओ कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 23 पैथोलॉजी लैब पंजीकृत हैं। इनमें बड़वानी शहर में 14, अंजड़ में 1, दवाना में 1, सेंधवा में 4, राजपुर में 1, पलसूद में 1 और ओझर में 1 लैब शामिल हैं। इसके अलावा 12 सोनोग्राफी, सीटी स्कैन, डायग्नोस्टिक सेंटर, क्लीनिक और निजी अस्पताल पंजीकृत हैं। इसके बावजूद मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कई अवैध लैब संचालित होने की बात सामने आ रही है।

मुख्यालय के सुख विलास कॉलोनी, नवलपुरा मोहल्ला, सीरवी मोहल्ला, मुख्य बाजार, कचहरी रोड़ और जिला अस्पताल के आसपास कई स्थानों पर बिना अनुमति पैथोलॉजी लैब संचालित होने की शिकायतें हैं। जानकारों के अनुसार नियमानुसार केवल एमडी पैथोलॉजिस्ट ही जांच रिपोर्ट प्रमाणित कर सकता है, लेकिन जिले में कई स्थानों पर डीएमएलटी कर्मी और अप्रशिक्षित लोग रिपोर्ट तैयार कर मरीजों को सौंप रहे हैं। अधिकांश लैबों के पास प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनुमति और मेडिकल वेस्ट प्रबंधन का पंजीयन भी नहीं है।

स्थिति यह भी है कि कई लैबों में जांच शुल्क की रेट सूची तक प्रदर्शित नहीं की गई है और मरीजों से मनमाने तरीके से शुल्क वसूला जा रहा है। गलत जांच रिपोर्ट के आधार पर ईलाज होने से मरीजों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। हाल ही में राजपुर में एक लैब संचालक द्वारा डॉक्टर पर कमीशन मांगने की शिकायत के बाद लोकायुक्त पुलिस ने एक आरोपी डॉक्टर को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा था, जिससे पूरे मामले ने और गंभीर रूप ले लिया है।

सभी लैबों की सूची की समीक्षा शुरू

प्रभारी सीएमएचओ डॉ राजेश गुप्ता ने बताया कि हाल ही में पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत बैठक कर जिले की लैबों की सूची की समीक्षा शुरू की है। उन्होंने कहा कि जो लैब पंजीकृत नहीं हैं या निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं कर रही हैं, उनके खिलाफ जल्द सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पैथोलॉजिस्ट की अनुपस्थिति और मनमाने शुल्क वसूली जैसी शिकायतों की भी जांच कर उचित कदम उठाए जाएंगे।

नि :शुल्क शिविर लगेगा 30 को

▸ पहली बार होगा आयोजन
▸ इंदौर वड़ोदरा के न्यूरोलॉजिस्ट करेंगे जांच एवं उपचार

बड़वानी, (नवभारत)। लायंस क्लब बड़वानी सिटी, सामाजिक चिंतन मंच एवं जिला चिकित्सालय के तत्वावधान में जिले में पहली बार विशाल नि:शुल्क मिर्गी रोग जांच एवं निदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में इंदौर एवं वड़ोदरा के प्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट एवं मिर्गी रोग विशेषज्ञ मरीजों की जांच कर उचित उपचार एवं मार्गदर्शन देंगे। महेश जोशी ने बताया कि यह शिविर डॉ राजेश गुप्ता एवं डॉ मनोज खन्ना के मार्गदर्शन में लगेगा। शिविर में भारत के प्रसिद्ध मिर्गी रोग विशेषज्ञ डॉ चतुर्भुज राठौर (एमडीएम) जायडस हॉस्पिटल वड़ोदरा तथा प्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट डॉ केएस रावत (डीएम) अपनी सेवाएं देंगे। दोनों विशेषज्ञ मिर्गी रोगियों की नि:शुल्क जांच एवं परामर्श करेंगे।

शिविर डीईआईसी केंद्र महिला अस्पताल के पीछे आयोजित होगा। मरीजों को आवश्यक जांच एवं दवाइयां भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। सुधीर कुमार पाण्डेय ने बताया कि मरीजों को अपने पूर्व उपचार की जांच रिपोर्ट, वर्तमान में चल रही दवाइयां एवं आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य रहेगा।

> **नि :शुल्क रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 28 मई**
> शिविर में भाग लेने के लिए पूर्व पंजीयन अनिवार्य है। नि :शुल्क रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 28 मई 2026 है। पंजीयन के लए डॉ लखन गांगले 9977331326 एवं लायन महेश चन्द्र शर्मा 9425090196 से सम्पर्क किया जा सकता है। साथ ही लायंस क्लब बड़वानी के किसी भी सदस्य के माध्यम से भी मरीज का नाम दर्ज कराया जा सकता है।

विरासत से विकास : धार में जिला स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान आज

▸ सीएम डॉ. मोहन यादव होंगे मुख्य अतिथि, नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय करेंगे अध्यक्षता
▸ करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का होगा भूमिपूजन और लोकार्पण

धार। विरासत से विकास की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा के पावन अवसर पर कल, 25 मई 2026 (सोमवार) को धार जिला मुख्यालय पर एक विशाल जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। जिला प्रशासन, धार द्वारा आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शिरकत करेंगे।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी मंत्री एवं नगरीय विकास एवं आवास मंत्री, म.प्र. शासन श्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा की जाएगी।

मोतीबाग चौक स्थित सब्जी मण्डी प्रांगण में दोपहर 12 बजे से आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री (महिला एवं बाल विकास विभाग, भारत सरकार) सावित्री ठाकुर, मंत्री (पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग, म.प्र. शासन) प्रहलाद सिंह पटेल, धार विधायक नीना विक्रम वर्मा, धरमपुरी विधायक कालूसिंह ठाकुर तथा जिला पंचायत अध्यक्ष सरदारसिंह मेड़ा उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही, सदस्य (जिला विकास सलाहकार समिति, धार) और अन्य सदस्य उपस्थित रहेंगे। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान धार जिला अंतर्गत विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण (लोकार्पण व शिलान्यास) भी मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों के कर-कमलों द्वारा संपन्न किया जाएगा। इससे जिले के विकास और जल संरक्षण की दिशा में एक नया अध्याय जुड़ेगा।

एक नजर में

माहेश्वरी महिला मण्डल के नर्मदा पुराण कथा आयोजन के पहले दिन सोनमजी मिश्रा ने बताया मां नर्मदा का महात्म्य

जो व्यक्ति मां नर्मदा परिक्रमा करता है उस पर बरसती है मां की असीम कृपा...

बाग। पुरुषोत्तम मास के शुभ अवसर पर क्षेत्र में धर्म के विभिन्न आयोजनों में सबसे बड़ा आयोजन माहेश्वरी महिला मण्डल की नवनियुक्त कार्यकारिणी ने मां नर्मदा पुराण कथा का सप्तदिवसीय आयोजन कर इस कथा के लिए जबलपुर (पनाहगार) की नर्मदा की अनन्य भक्त, प्रसिद्ध कथा वाचक, सूश्री सोनम मिश्रा को आमंत्रित कर बाग क्षेत्र की धर्मप्रेमी जनता को बहुत लंबे इंतजार के बाद बाग में नर्मदा पुराण पर अविरल धाराप्रवाह नर्मदा का माहात्म्य सुनाया जा रहूं है, जिससे क्षेत्र में उत्साहित माहौल है।

कथा के प्रारंभ में माहेश्वरी महिला मण्डल ने स्थानीय रणछोड़ मंदिर से कथावाचक सूश्री सोनमजी मिश्रा को खुली जीप में बैठाकर कथास्थल माहेश्वरी भवन तक बैंड-बाजे के साथ नाचते गाते धुमधाम से ले गया।इस धर्म शोभा यात्रा में महिलाएं एक ड्रेस में सुसज्जित थी, वहीं नगर की धर्मप्रेमी जनता भी साथ रही।

माहेश्वरी भवन में प्रभु के साथ मां नर्मदा पुराण का पुजन महिला मण्डल की अध्यक्ष श्रीमती वंदना झंवर ने अपनी टीम के साथ किया। यहां एक संक्षिप्त आयोजन में कथावाचक का परिचय श्रीमती वंदना दिनेश झंवर ने दिया,एवं माहेश्वरी समाज,युवक,युवती, महिला एवं वधु मंडल, समाज के वरिष्ठ तथा पत्रकारों ने कथावाचक एवं उनकी टीम का फुल मालाओं के साथ भव्य स्वागत सत्कार किया गया।मां नर्मदा की आरती के साथ नर्मदा पुराण पर अपना व्याख्यान देते हुए सूश्री सोनम मिश्रा ने मां नर्मदा का माहात्म्य बताते हुए कहा कि, मां नर्मदा भगवान शिव की कला है, इसलिए इसके दर्शन पूजन तथा श्रवण करने से अश्वमेघ यज्ञ करने जैसा फल प्राप्त होता है। मां नर्मदा को विभिन्न नामों से भी जाना जाता है।इसकी विस्तृत व्याख्या की गई। उन्होंने बताया कि मां नर्मदा की परिक्रमा का भी बहुत बड़ा महत्व है। नर्मदा की सम्पूर्ण परिक्रमा का एक विधान है,जो व्यक्ति नियम से मां नर्मदा परिक्रमा करता है, मां की असीम कृपा उस पर जरुर बरसती है। अगर अपने जीवन में मां नर्मदा की कृपा, भक्ति पाना है तो आपको नर्मदा परिक्रमा करना होगी।जो भी प्राणी एक बार मां नर्मदा परिक्रमा कर लेता है तो मां नर्मदा की उस पर कृपा कर देती है। परिक्रमा मां नर्मदा की एक उपासना एवं अनुष्ठान का ही एक अंग भी है। कथावाचक सूश्री सोनम मिश्रा ने आगे कहा कि देवाधिदेव महादेव ने भी मां नर्मदा की परिक्रमा करी, यही नहीं जितने ऋषि मुनि,संत, महन्त, देवी देवताओं हुए उन्होंने मां नर्मदा के तट पर ही विशेष सिद्धियां प्राप्त की है। उन्होंने परिक्रमा की तीन श्रेणीया बताईं, एक जिलहरी, दुसरी मुण्डमाल तथा तीसरी हनुमान परिक्रमा का विस्तृत वर्णन सुनाया।इस पृथ्वी की सबसे बड़ी एवं समस्त सरिताओ नदीयो में से सिर्फ मां नर्मदा की ही परिक्रमा होती है,जो भी व्यक्ति बड़ी श्रद्धा भक्ति भाव से परिक्रमा कर लें,या भक्त मां के तट पर ही चला जाये तो नर्मदा भुखे को भोजन प्यासे को पानी देती है, वहीं व्यक्ति जिस मनोरथ के साथ जाता है,वह पूर्ण होता है। नर्मदा मैया का विशेष महत्व भी है,कलिकाल में मां नर्मदा जैसा कोई पुण्यदायी हो ही नहीं सकता,अगर हम मां नर्मदा के तट पर जाकर ही दर्शन कर लें तो वह सिद्धि की प्राप्ति तक लेता है, एवं हमारे सारे पाप ताप हर लेती है,ऐसी है, हमारी करुणामय मां नर्मदा।

कथा वाचक सूश्री सोनम मिश्रा ने आगे बताया कि जब घने जंगलों में से परिक्रमा का रास्ता था, परिक्रमा वासी अगर भटक जाते या भूखे होते तो सचमुच में विभिन्न रूपों में मां नर्मदा साक्षात् आकर भक्तों की हौंसला भाजपाई करती है।यह भी तय है ।